प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्रों पर किसान गोष्ठियां आयोजित

पन्तनगर। 10 मई 2023। मोटे अनाजों की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में महत्ता को ध्यान में रखते हुए वैश्विक देशों के संगठन (यूनाईटेड नेशन्स) द्वारा वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय कदन्न वर्ष घोषित किया गया है। हमारे देश के प्रत्येक राज्य में कोई न कोई मोटे अनाज की फसल भोजन और चारे के लिए अवश्य उगाई जाती है। इनमें से गैर दलहनी भोजन और चारे की फसलों में ज्वार का मुख्य स्थान है। अंतर्राष्ट्रीय कदन्न वर्ष में इन फसलों की महत्ता को ध्यान में रखते हुए इन्हें किसानों के बीच बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम किये जाने हैं। पन्तनगर विश्वविद्यालय में संचालित अखिल भारतीय ज्वार उन्नयन परियोजना द्वारा विश्वविद्यालय के ढकरानी (देहरादून) एवं धनौरी (हरिद्वार) कृषि विज्ञान केन्द्रों पर किसान गोष्ठियों का आयोजन क्रमशः 8 एवं 9 मई 2023 को किया गया और ज्वार की उन्नत प्रजातियों के बीज एवं चारा ज्वार उत्पादन की उन्नत तकनीक, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में मोटे आनाजों की जानकारी से सम्बंधित पैम्फलेट का वितरण भी किया गया। गोष्ठियों में आये हुए किसानों ने खेती के लिए ज्वार की उन्नत किस्में/संकर बीज मिलने में हो रही समस्या तथा पंतनगर की किस्मों को उगाने हेतु बीज उपलब्ध कराने की मांग की। कार्यक्रम में प्रभारी अधिकारी एवं ज्वार रोग वैज्ञानिक डा. योगेंद्र सिंह, श्री अजीत कुमार तथा संबंधित कृषि विज्ञान केन्द्रों के प्रभारी अधिकारी एवं वैज्ञानिकों ने भी प्रतिभाग किया और अपने विचार रखे।

कृषि विज्ञान केन्द्रों पर उपस्थित किसान एवं अधिकारीगण।

कृषि विज्ञान केन्द्रों पर उपस्थित किसान एवं अधिकारीगण।